**Time : 3 Hours** **HINDI (S.L.)**

**Subject Code**

| S | 1 | 1 | 2 | 1 |
|---|---|---|---|---|

**Total No. of Questions : 54 (Printed Pages : 11) Maximum Marks : 80**

***सूचनाएँ :*** (*i*) प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।

(*ii*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*iii*) दाईं ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हैं।

निम्नलिखित गद्य-खंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए :

बाबू हरिदास मगनसिंह से इतने प्रसन्न हुए कि मजूरों की श्रेणी से उठाकर अपने नौकरों में रख लिया। उसे पैसे बाँटने का काम दिया और पजावे में मुंशी जी को ताकीद कर दी कि इसे कुछ पढ़ना-लिखना सिखाइए। अनाथ के भाग्य जाग उठे। मगनसिंह बड़ा कर्तव्यशील और चतुर लड़का था। उसे कभी देर न होती, कभी नागा न होता। थोड़े ही दिनों में उसने बाबू साहब का विश्वास प्राप्त कर लिया। लिखने-पढ़ने में भी कुशल हो गया।

1. उपर्युक्त गद्य-खंड जिस पाठ से लिया गया है उस पाठ के लेखक के नाम का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

- हरिशंकर परसाई
- प्रेमचंद
- विष्णु प्रभाकर
- शिवकुमार गोयल

2. बाबू हरिदास ने पजावे में मुंशी जी को क्या ताकीद कर दी थी ? 1

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पंद्रह/बीस शब्दों में लिखिए : 6

3. हरिदास मगनसिंह के घर क्यों गए थे ?

4. प्रि. भावे ने छात्र माशेलकर से क्या कहा ?

5. आजकल गोवा में आने वाले पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण क्या है ?

6. योगेंद्र सिंह यादव ने भारतीय जवानों को सचेत क्यों कर दिया ?

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर चालीस/पचास शब्दों में लिखिए : 12

7. बसंत पं. राजकिशोर से छलनी खरीदने की जिद क्यों कर रहा था ?

8. भोलाराम के बारे में चित्रगुप्त ने रजिस्टर देखकर नारद जी को क्या जानकारी दी ?

9. पाठ में दूधसागर प्रपात के विषय में क्या जानकारियाँ दी गई हैं ?

10. अरुणिमा सिन्हा का बचपन किस प्रकार बीता ?

निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए :

यह सारे हैं केवल रात के दैत्य,

सब भीतर से हैं खोखले,

इनसे न डर,

आएगा सवेरा जरूर,

इसमें संशय नहीं,

होगी जय निश्चय ही।

11. उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ जिस कविता से ली गई हैं, उस कविता के नाम का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

- बहुत दिनों के बाद
- वक्त
- धरे रहो धीरज
- रनिया

12. रात के दैत्य कैसे होते हैं ? 1

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दस/बारह शब्दों में लिखिए : 4

13. भगवान के सुमीरन के बारे में कबीर ने क्या कहा है ?

14. जब देश में दीवाली मनाई जा रही थी, तब सीमा पर सैनिक क्या कर रहे थे ?

15. अभिव्यक्ति के किन सीधे-सादे रूपों के उदाहरण 'वक्त' कविता में प्रस्तुत हैं ?

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पच्चीस/तीस शब्दों में लिखिए : 6

16. कवि तुलसीदासजी के अनुसार माँ—कौशल्या किस प्रकार सगुन मनाती है ?

17. कवि नागार्जुन जी का मन कब तृप्त हुआ ?

18. रनिया कविता में अमीर देस बंधु के जीवन का वर्णन किन शब्दों में किया है ?

नीचे दी गई सहायक क्रियाओं के लिए उचित वाक्य दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

19. आना 1

- राजीव किताब लेने आया।
- राजीव घर लौट नहीं आया।
- राजीव घर लौट आना चाहता है।
- राजीव घर लौट आना नहीं चाहता है।

20. पड़ना 1

- घी में चींटियाँ पड़ गई।
- वह घायल होकर पड़ा।
- पेड़ से आम गिर पड़ा।
- मंदा को हिंदी में अच्छे गुण पड़े।

21. नरेंद्र, अपना गृहपाठ करो। (वाक्य का प्रकार चुनिए) 1

- विधानवाचक वाक्य
- आज्ञावाचक वाक्य
- निषेधवाचक वाक्य
- प्रश्नवाचक वाक्य

22. मनीषा दसवीं कक्षा में नहीं पढ़ती है। (वाक्य का प्रकार चुनिए) 1

- संदेहवाचक वाक्य
- निषेधवाचक वाक्य
- प्रश्नवाचक वाक्य
- संकेतवाचक वाक्य

23. 'सशक्त' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए। 1

- मजबूत
- कमजोर
- गंभीर
- सख्त

24. ‘पुरखा’ इस शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए। 1

- पूरक
- पूर्व
- पूर्वज
- पुरस्कार

25. ‘विश्वास’ इस शब्द का विशेषण रूप चुनिए। 1

- विश्वासि
- अविश्वासी
- वीश्वसनीय
- विश्वसनीय

26. ‘सजाना’ इस शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप चुनिए। 1

- सजना
- सजावट
- सजीला
- सजाहट

27. ‘आदर’ इस शब्द का विलोमार्थी शब्द चुनिए। 1

- अनादार
- अनादर
- आधार
- आदार

28. 'उपस्थित' इस शब्द का विलोमार्थी शब्द चुनिए। 1

- अनुपस्थित
- आउपस्थित
- अणुपस्थित
- अनउपस्थित

निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का प्रसंगानुसार भिन्न-भिन्न अर्थ स्पष्ट करने के लिए दो अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2

29. मंजिल

30. जल

निम्नलिखित मुहावरे के अर्थ का सही विकल्प चुनकर लिखिए :

31. पाठ पढ़ना 1

- किताब पढ़ना
- पूजा पाठ करना
- सबक सीखना
- सजा मिलना

32. ऊँचा सुनना 1

- ज्यादा सुनाई देना
- कम सुनाई देना
- तेज सुनाई देना
- अच्छा सुनना

निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों का सार्थक तथा स्वतंत्र वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

33. वजन रखना

34. भौंचक्के रह जाना

35. शुक्रिया अदा करना

36. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100-150 शब्दों में निबंध लिखिए। 6

- संगणक (कंप्यूटर) का महत्व
- स्वास्थ्य ही धन है
- अभयारण्य की सैर
- प्लास्टिक-एक बढ़ती समस्या

37. निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए। 5

सोहन/सीमा कामत, मडगाँव-गोवा से अपने मित्र राघव/सहेली रागिनी को स्कूल में मनाए गए 'वनमहोत्सव' के बारे में वर्णन करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

**अथवा**

लुईश/लुईजा वाझ, बोरी, फोंडा-गोवा से मुख्य अभियंता, बिजली विभाग को बार-बार बिजली जाने के कारण निर्माण होने वाली कठिनाइयों की शिकायत करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

38. निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक तथा सीख भी लिखिए। 5

एक हरा-भरा जंगल ............ एक सूखा पेड़ ............ पेड़ पर उदास तोता ............ एक देवदूत का आगमन ............ तोते से सूखे पेड़ पर बैठने का कारण पूछना ............तोते का पेड़ के उपकारों को याद करना ............ पेड़ के प्रति प्रेम दिखाना ............ बुरे दिनों में पेड़ का साथ न छोड़ने की इच्छा ............ देवदूत का प्रसन्न होना ............ पेड़ को फिर से हरा-भरा कर देना ............ सीख।

निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

आदर्श नागरिक किसी भी देश अथवा समाज की आधारशिला, एक सशक्त इकाई होते हैं। ये देश के सेवक तथा उसके निर्माता भी होते हैं। अन्य नागरिक इनका अनुसरण कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। एक आदर्श नागरिक अपने नैतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और तन्मयता से करता है। वह सदा अच्छे लोगों का साथ देता है तथा बुरे कार्यों से हमेशा दूर रहता है। एक आदर्श नागरिक श्रम का सम्मान करता है। वह स्वावलंबी होता है तथा दूसरे लोगों को स्वावलंबी बनाने में उनकी मदद करता है। वह अपने अधिकारों से कहीं अधिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहता है। राष्ट्र की उन्नति के प्रत्येक कार्य में उसका योगदान सराहना के योग्य होता है। इस प्रकार एक आदर्श नागरिक में कई प्रकार के गुण होते हैं जिसके कारण देश और समाज उसका आभारी होता है।

मानवीय गुणों की अवहेलना कर कोई भी आदर्श नागरिक होने का दर्जा नहीं पा सकता है। चरित्रहीनता किसी भी व्यक्ति को पतन के गर्त में ले जाती है। आदर्श नागरिक मातृभूमि के रक्षार्थ अपने जीवन का बलिदान देने के लिए सदैव प्रस्तुत रहता है। उसके ह्रदय में देशवासियों के कल्याण के लिए कुछ करने की दृढ़ इच्छाशक्ति होती है।

सुयोग्य नागरिक बनने के लिए हमें अपने राष्ट्र की समस्याओं के प्रति सजग रहना चाहिए। हमें प्रदूषण नियंत्रण के उपायों, देश के बहुमूल्य संसाधनों तथा अन्य पर्यावरणीय समस्याओं पर अधिक ध्यान देना चाहिए। अपने पर्यावरण को साफ-सुथरा रखना एक आदर्श नागरिक का परम कर्तव्य होना चाहिए। ऐसे व्यक्ति जो राष्ट्र को अपने कार्यों से बदनाम करते हैं अथवा किसी प्रकार क्षति पहुँचाते, उनका सहयोग न देके तथा उनके गलत कार्यों को रोककर हम एक आदर्श नागरिक होने का दायित्व निभा सकते हैं। एक आदर्श नागरिक राष्ट्र की एकता के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है। वह अपने पड़ोसियों एवं सहयोगियों के साथ अच्छा बर्ताव करता है। वह समाज विरोधी लोगों का कतई साथ न देकर समाज में भाईचारा, शांति एवं सुव्यवस्था कायम करने के लिए कोशिश

करता है। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, आग जैसी आपदाओं के समय वह राष्ट्र के एक सजग प्रहरी होने का दायित्व निभाता है। एक आदर्श नागरिक जहाँ राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयत्न करता है वहीं वह अपने पारिवारिक कर्तव्यों का निर्वाह भी पूरी ईमानदारी के साथ करता है।

39. देश और समाज की आधारशिला या एक सशक्त इकाई कौन हैं ? 1

40. आदर्श नागरिक किन दायित्वों को पूरी निष्ठा और तन्मयता के साथ निभाता है ? 1

41. आदर्श नागरिक किसका सम्मान करता है ? 1

42. आदर्श नागरिक होने का दर्जा कौन नहीं पा सकता है ? 1

43. आदर्श नागरिक सदैव क्या करने के लिए प्रस्तुत रहता है ? 1

44. आदर्श नागरिक का परम कर्तव्य क्या है ? 1

45. आदर्श नागरिक किसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है ? 1

46. आदर्श नागरिक समाज में क्या करने की कोशिश करता है ? 1

47. राष्ट्र के एक सजग प्रहरी होने का दायित्व वह कब निभाता है ? 1

48. उपर्युक्त गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए। 1

निम्नलिखित गद्यखंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

आज मानव विज्ञान के युग में श्वास ले रहा है। उसका दैनिक जीवन विज्ञान से प्रभावित है। उसने प्राकृतिक संसाधन को सुख व समृद्धि के लिए प्रयुक्त करना सीख लिया है। उसने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु नित नए आविष्कार किए हैं। आज विश्व के कोने-कोने में विज्ञान ने धूम मचा दी है। आविष्कारों ने मानव जीवन को भरपूर कर दिया है, लिखने के लिए सुंदर पेन से लेकर चिकने सफ़ेद कागज तक सभी वस्तुएँ यंत्रों में ढलकर उसकी सेवा में प्रस्तुत हो जाती हैं। बटन दबाते

ही कक्ष का गहन अंधकार प्रकाश से जगमगाने लगता है। विश्व में इसने व्यापार, चिकित्सा और यातायात सभी क्षेत्रों में अपना प्रभाव जमा रखा है। आज मानव बिना विज्ञान के जीवन-निर्वाह करने की कल्पना भी नहीं कर सकता है। सच पूछो तो विज्ञान और मानव जीवन पर्याय बन गए हैं। इसकी कृपा से हर क्षेत्र में मानव की गति तीव्र हो गई है।

49. आज का मानव किस युग में श्वास ले रहा है ? 1

- सतयुग
- विज्ञान युग
- त्रेता युग
- द्वापर युग

50. मनुष्य ने नित नए आविष्कार क्यों किए हैं ? 1

- आवश्यकता की पूर्ति के लिए
- अपना प्रभाव जमाने के लिए
- लाभ कमाने के लिए
- खुशी पाने के लिए

51. बटन दबाते ही क्या हो जाता है ? 1

- सभी चीजें उपस्थित हो जाती हैं।
- धमाका हो जाता है।
- गहन अंधकार मिटाकर प्रकाश जगमगाने लगता है।
- अँधेरा हो जाता है।

52. किसकी कृपा से मानव की गति तीव्र हो गई है ? 1

- वृद्धि से
- विज्ञान की कृपा से
- शक्ति से
- मशीनों से

53. 'दैनिक' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ? 1

- रोजमर्रा
- दिनांक
- सैनिक
- दिन

54. 'उजाला' शब्द का विलोम शब्द क्या है ? 1

- प्रकाश
- रात
- अंधकार
- सुबह